मच्छर उन्मूलन अभियान का आयुक्त श्री रघुवंशी ने लिया जायजा, लोगों से चर्चा कर स्वास्थ्य की ली जानकारी, घरो में लगे कूलर की हो रही है जांच

भिलाई नगर। जिला कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने मच्छर उन्मूलन एवं डेंगू नियंत्रण व रोकथाम के निर्देश दिए है! इसी तारतम्य में निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने वार्ड - 25 संतोषीपारा और बालाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण एवं जल जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान का जायजा लिया। निगम के अधिकारियों के साथ वार्डों का भ्रमण कर सफाई और पानी की निकासी व्यवस्था की जानकारी ली। इस बीच बालाजी नगर वार्ड के घरों के कुलर की जांच भी उन्होंने समक्ष में करवाई। लोगों से टेमीफास दवा वितरण और परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ किए। सर्दी, खांसी, बुखार की शिकायत होने पर तत्काल नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र में परीक्षण कराने , चिकित्सकों की सलाह के अनुसार ही दवाइयां लेने और डेंगू के लार्वा को पनपने से रोकने के लिए कूलर, पानी टंकी, गमले एवं जलजमाव वाले पात्रों को 2-3 दिन के अंतराल में सफाई करने एवं आवश्यकतानुसार टेमीफास् का उपयोग करने की सलाह दी। वहीं जोन आयुक्त और स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा को डेंगू, मलेरिया के बचाव के लिए आंगनबाड़ी और आरोग्य समिति के सहयोग से वार्डों में जागरूकता अभियान चलाने निर्देशित किए। सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए! निरीक्षण के दौरान लोगों को निगम की ओर से दी गई टेमीफास दवा का उपयोग करने के तरीके भी बताए गए। कूलर , पुराने टायर,गमला में जमा पानी नाली में सीधे बहाने के बजाय टेमीफास् का दो बूंद डालकर कुछ देर के लिए छोड़ने कहा गया ताकि लार्वा नष्ट हो जाए। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मच्छर उन्मूलन अभियान के अंतर्गत घर-घर टेमीफास का वितरण किया गया है। इसके अलावा फागिंग और दवा छिड़काव के माध्यम से मच्छर को नष्ट करने का कार्य चल रहा है। खाली जगहों पर जलजमाव को रोकने उपाय किए जा रहे है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त तरुण पाल लहरे , जोन क्रमांक 3 की आयुक्त प्रीति सिंह , जोन-4 आयुक्त अमिताभ शर्मा , जोन के स्वास्थ्य महेश पाण्डेय , आर.पी. तिवारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।